Canara HSBC
LIFE INSURANCE

21st July 2026

To, National Stock Exchange of India Limited **("NSE")** Listing Department Exchange Plaza, C-1 Block G, Bandra Kurla Complex Bandra [E], Mumbai – 400051	To, BSE Limited **("BSE")** Listing Department Corporate Relationship Department Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street, Fort, Mumbai - 400 001
NSE Scrip Symbol: **CANHLIFE**	BSE Scrip Code: **544583**
ISIN: INE01TY01017 ISIN: INE01TY08012 (Non-Convertible Debentures)	ISIN: INE01TY01017

Dear Sir/Madam,

Subject: Newspaper publication – Notice of the 19th Annual General Meeting to be held through Video Conference (VC)/ Other Audio Visual Means (OAVM)

This is to inform you that the 19th (Nineteenth) Annual General Meeting (AGM) of the Company is scheduled to be held on Thursday, 20th August 2026 through VC/ OAVM at 03:00 p.m. (IST). In line with the statutory requirements, a pre-intimation regarding the same has been published in the following newspapers on 21st July 2026:

1. Mint (English) – All Editions
2. Hindustan (Hindi) – Delhi Edition

The same is being made available on the website of the Company at www.canarahsbclife.com.

We request you to kindly take this on your record.

Thanking You,

For **Canara HSBC Life Insurance Company Limited**

VATSALA SAMEER
Digitally signed by VATSALA SAMEER
Date: 2026.07.21 17:08:24 +05'30'

Vatsala Sameer
Company Secretary and Compliance Officer
Membership No: A14813

Encl: as above

Final act: hospitality's cash registers play into extra time

Fifa World Cup final drove a surge in business for restaurants, bars, hotels and delivery apps

Varuni Khosla
varuni.k@livemint.com
NEW DELHI

The Fifa World Cup final gave restaurants, bars, hotels and food delivery companies a blockbuster weekend and something they rarely see after midnight: customers. Hospitality businesses across India extended operations where permitted and hosted live screenings as football fans watched Sunday's Argentina-Spain final.

Spain won the 2026 Fifa World Cup, defeating the defending champions Argentina 1-0 after extra time in the final at MetLife Stadium (New York/ New Jersey). The late-night final emerged as a significant business opportunity for the hospitality industry, particularly during hours that typically generate little or no revenue. Industry executives said demand came from both fans heading to sports bars and restaurants and consumers hosting watch parties at home.

The West Bengal government said the Fifa World Cup final between Spain and Argentina would be screened on giant screens across all districts after issuing the necessary orders. Karnataka had issued its orders last week itself. Maharashtra also permitted restaurants and bars to remain open late for the final, joining other states that extended operating hours.

National Restaurant Association of India (Nrai) said several licensed restaurants, cafés, pubs, bars, clubs and microbreweries stayed open during the Fifa World Cup final. The industry body said the move would boost business for restaurants and allied sectors such as transport, ride-hailing, logistics, and food suppliers, as well as local employment.

"Marquee sporting events like the Fifa final are no longer just entertainment but a big consumption occasion.



The Spain-Argentina final at MetLife Stadium, US, drew fans to live streaming venues and house parties across India. REUTERS

Several states extended restaurant hours till 4 AM for the final. We saw a 28-30% jump in late-night sales over a normal day across dine-in and delivery," said Sagar Daryani, founder and chief executive officer, Wow! Momo.

"The Fifa World Cup final delivered an exceptional night for us, with outlets across Delhi, Mumbai and Bengaluru participating in late-night screenings. We recorded nearly a 1,200% increase in post-midnight dine-in business compared with a normal night, demonstrating a strong consumer demand for live sports viewing in pubs and restaurants. Extended operating hours, combined with our campaign, created a compelling proposition for fans to come together and watch the final.

Marquee sporting events are becoming significant business occasions for the hospitality industry, driving higher footfalls, longer customer dwell times and increased food and beverage consumption," said Rahul Singh, founder and chief executive of The Beer Café, which operates over 50 outlets in India.

While the final boosted late-night consumption, hospitality players said revenues did not match those of the IPL final as football's fan base in India is comparatively smaller, besides a late-night start. Daryani said there were a lot of house parties and ordering during the final. He said his business was up by 10% compared with a Sunday earlier. "We expected a lot better, though," he said. Restaurants and hotels across cities hosted screenings to draw crowds.

Fairmont Mumbai organized a watch party in its ballroom, while venues including The Nook in Mumbai, Quoin at Novotel New Delhi Aerocity and several Crowne Plaza and voco hotels screened the match.

For an extended version of this story, go to livemint.com.

MIDNIGHT KICK-OFF

MAHARASHTRA, Karnataka and West Bengal allowed late-night operations and public screenings

NRAI said extended hours helped ride-hailers, restaurants, logistics, transport and food suppliers

HOSPITALITY firms said strong demand for food apps shows many fans watched the match at home

BUT, revenues were below IPL finals due to football's smaller fan base in India and late-night start

OTT film takedowns leave platforms counting the cost

Lata Jha
lata.j@livemint.com
NEW DELHI

When films like *Satluj* are pulled down, OTT platforms can lose crores in licence and marketing spends, face tougher contracts.

The recent takedown of *Satluj*, the biographical film starring Diljit Dosanjh based on the Punjab insurgency of the 1990s, highlights the multiple fronts that OTT platforms lose on when content is taken off air.

Platforms spend heavily to acquire a title before anyone presses play. There is the licence fee, usually the largest cheque, followed by the trailer, digital and hoarding campaign, influencer push, premiere and the prime slot on the home screen.

For a star vehicle, that runs into crores of rupees. When a film is pulled two days in, as *Satluj* was from ZEE5, none of the money comes back. The licence is sunk, the marketing has bought no subscribers, and the platform is left explaining a hole in its slate. In January 2024, Nayanthara's Tamil film *Annapoorani* was removed from Netflix following backlash and legal complaints from religious groups.

"OTTs invest significantly in promoting acquired films through digital campaigns, social media, in-app banners, trailers, interviews and brand partnerships. A takedown shortly after release can make much of this spending unrecoverable, particularly if the campaign has already peaked," said Ankit Rajgarhia, a partner at Bahuguna Law Associates.

Entertainment is capital-intensive and a film's costs extend well beyond production, said Sanjoli Jain, counsel, Law SB. Even a relatively restrained promotional campaign featuring established actors can run into several crores of rupees, he added.

Rohit Singh, account director—client servicing at White Rivers Media, agreed that platforms commit significant capital to film acquisitions."A sudden takedown strands these costs. The platform loses the value of its initial spend because the promotional cycle stops before it generates sustained subscriptions. This forces platforms to write off these marketing investments immediately while losing the anticipated engagement metrics from the release window," Singh said.

Controversial films face greater scrutiny and delayed deals, while piracy compounds revenue losses

The harm does not end with writing off one film. A platform is wary of everything that resembles a film which is taken down. Similar movies, especially political, regional or provocative ones, face tougher internal scrutiny and slower approvals and sometimes a decision to delay a deal, renegotiate it, or quietly let it go.

"That caution then hardens the contracts: bigger indemnities from producers, stricter promises about what the content will and will not contain, compulsory insurance against legal claims and proper legal vetting before any money is committed," said Arjit Benjamin, associate partner at Prosoll Law. "The net effect is that ambitious or sensitive cinema costs more to buy and takes longer to clear, so one removal quietly taxes the platform's whole pipeline, not just the film that was pulled."

Some of these risks are factored into contacts in advance in case of controversial projects. Film producer Shariq Patel said deals are often struck in a way that producers have to let go of some money if the platform is forced to take the film down after launch.

"However, the revenue loss comes from the fact that the film is already pirated and circulating online," Patel said.

Experts said incidents like these may encourage the government to introduce stricter rules for OTT sites. Although films released directly on digital platforms are governed by a different regulatory framework from theatrical releases, disputes encourage stricter review mechanisms, including mandatory film certification.

"Such a shift would increase the workload on the CBFC (Central Board of Film Certification), potentially delaying releases. It may also encourage self-censorship by platforms and producers, who could avoid subjects perceived as controversial," Rajgarhia said.

संसद परिसर में प्रधानमंत्री ने विपक्ष को नसीहत दी, मानसून और मानसून सत्र दोनों उत्पादक हों तो देश का भला

मोदी बोले- जहां पर तथ्य होते हैं, वहां शोर-शराबे की जरूरत नहीं

संबोधन

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। संसद के मानसून सत्र की शुरुआत में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने विपक्ष समेत सभी दलों से सकारात्मक सहयोग की अपील की। साथ ही परोक्ष रूप से विपक्ष को नसीहत देते हुए कहा कि जहां तथ्य होते हैं, वहां हंगामे की जरूरत नहीं होती। हर आवाज को सुने जाने का अवसर मिलना चाहिए। यही संसद की भूमिका है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि आपके तर्क और तथ्य मजबूत हैं तो आवाज ऊंची करने की जरूरत नहीं है। मजबूत तर्क और तथ्य शांत लेकिन प्रभावी तरीके से आवाज को अपनी बात रखने में सक्षम बनाते हैं।

मोदी ने कहा कि मौसमी मानसून का सकारात्मक प्रभाव दिखना शुरू हो गया है और संसद का मानसून सत्र भी शुरू हो रहा है। जब दोनों उत्पादक होते हैं तो वे देश और सभी जीवों के कल्याण में योगदान देते हैं। इसी उम्मीद के साथ प्रार्थना है कि मानसून सक्रिय रहे और संसद का मानसून सत्र भी उतना ही उत्पादक हो।

सामूहिक संकल्प समय की मांग: प्रधानमंत्री ने कहा कि सत्र शुरू होने के साथ ही देश ने गति पकड़ ली है और संसद की भावना इस गति में नई ऊर्जा भर सकती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सकारात्मक सोच जरूरी है। उन्होंने कहा कि संसद में हर दल के कई अनुभवी सांसद हैं, जिनका ज्ञान और अनुभव संसद तथा देश के लिए जरूरी है। इसलिए संसद चलनी चाहिए, सार्थक चर्चा होनी चाहिए और देश को आगे ले जाने के लिए सामूहिक संकल्प लिए जाने चाहिए। यह समय की मांग और युवाओं की आकांक्षा है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली में मानसून सत्र के पहले दिन मीडिया को संबोधित किया। • सोनू मेहता

- राष्ट्रीय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सकारात्मक सोच जरूरी
- मानसून सत्र के पहले दिन मोदी ने संबोधित किया

सुधार एक्सप्रेस का परिणाम, भारत की स्थिति मजबूत

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवा बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी उपलब्धियां देश में आत्मविश्वास पैदा करती हैं और दुनिया में भारत की एक सम्मानित एवं भरोसेमंद साझेदार के रूप में स्थिति को और मजबूत करती हैं। यह उस सुधार एक्सप्रेस का परिणाम है जिस पर देश सवार है और जिसने युवाओं को ऐसे साहसिक कदम उठाने तथा सफलता हासिल करने में सक्षम बनाया है।

संकट में भी अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से बढ़ती रही

पश्चिम एशिया के संघर्ष का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि ऊर्जा के लिए दूसरे देशों पर निर्भर भारत जैसे देशों के लिए यह एक बड़ा संकट है। पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, उर्वरक और रसायन जैसे क्षेत्रों में बाधाएं आईं, लेकिन भारत 7.7 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहा। मोदी ने राजस्थान में एक बड़ी तेल रिफाइनरी, देश के तीसरे सेमीकंडक्टर संयंत्र और हरित हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन का भी जिक्र किया।

युवा नवप्रवर्तकों की सराहना, राहुल पर कटाक्ष

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि देशभक्ति और राष्ट्रसेवा की भावना से भरी आवाजों को संसद में उचित मंच मिले। युवाओं की आवाज उठाई जा सके और देश को दिशा दी जा सके। प्रधानमंत्री ने भारत के पहले निजी तौर पर विकसित ऑर्बिटल रॉकेट बनाने वाले युवा नवप्रवर्तकों की सराहना करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन पर कटाक्ष भी किया। उन्होंने कहा कि वह 56 साल के युवा की बात नहीं कर रहे हैं।

राहुल-अखिलेश ने कई मुद्दों पर चर्चा की

नई दिल्ली, वि.सं.। लोकसभा में सोमवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की मुलाकात हुई। सूत्रों के अनुसार, दोनों नेताओं के बीच संसद के मानसून सत्र में साझा रणनीति के साथ आगामी यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं।

पिछले कुछ दिनों में कांग्रेस और सपा नेताओं के कई ऐसे बयान आए है, जिनसे प्रदेश में दोनों पार्टियों के गठबंधन पर सवाल उठने लगे हैं। ऐसे में राहुल गांधी के दफ्तर में एक घंटे की इस मुलाकात को अहम माना जा रहा है। ब

'सार्थक बहस होना सांसदों का जिम्मा'

नई दिल्ली, एजेंसी। राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने सोमवार को कहा कि यह सभी सांसदों की सामूहिक जिम्मेदारी है कि वे राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सार्थक बहस हो और उस पर समय से निर्णय लिए जाएं। उन्होंने सदस्यों से आग्रह किया कि इस सत्र का प्रभावी उपयोग करें।

सत्र की शुरुआत में अपने संबोधन में सभापति ने कहा कि मतभेद संसदीय लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा हैं, लेकिन उन्हें सदन की गरिमा और मर्यादा बनाए रखते हुए व्यक्त किया जाना चाहिए।

संसद 30s

विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक आज

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के दूसरे दिन की रणनीति तय करने के लिए विपक्षी दलों के फ्लोर नेताओं की बैठक बुलाई गई है। यह बैठक मंगलवार सुबह 10 बजे संसद भवन में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के कक्ष में होगी। मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा में कथित पेपर लीक और राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण मुद्दे पर विपक्ष ने हंगामा किया था।

'पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण बढ़ाने का फैसला नहीं'

नई दिल्ली। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने सोमवार को राज्यसभा में बताया कि सरकार ने पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण को मौजूदा 20 प्रतिशत से बढ़ाने पर अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। भविष्य में इस संबंध में कोई भी निर्णय वैज्ञानिक अध्ययन और उद्योगों के साथ परामर्श के बाद लिया जाएगा। गोपी ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में उच्च सदन को यह जानकारी दी।

उड़ानों की निगरानी डिजिटल मंच से होगी: नायडू

नई दिल्ली। देश में विमानों की निगरानी के लिए जल्द डिजिटल मंच लाने की तैयारी है। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने सोमवार को कहा कि इस कदम से घटनाओं की रिपोर्टिंग समय पर होने से कार्यक्षमता में सुधार होगा। नायडू राज्यसभा में लिखित जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के पास सभी नियमों के पालन की निगरानी के लिए व्यवस्थित सुरक्षा निगरानी तंत्र है।

राज्यसभा में नौ नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ

नई दिल्ली, एजेंसी। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को उच्च सदन के नौ नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में गुजरात से मुकेशभाई जे. राठवा, कर्नाटक से पवन खेड़ा, मध्य प्रदेश से महेश केवट, मेघालय से जेम्स संगमा, मिजोरम से खियांग्टे, राजस्थान से सतीश पूनिया, पश्चिम बंगाल से प्रकाश चिक बड़ाइक, सुष्मिता देव और सुखेंदु शेखर राय शामिल हैं।

यूपीआई का विस्तार हुआ : पंकज चौधरी

नई दिल्ली। वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का लगातार विस्तार हो रहा है। लोकसभा में एक लिखित जवाब में उन्होंने कहा कि सरकार सुरक्षित, तेज और पारदर्शी डिजिटल भुगतान व्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार, आरबीआई और एनपीसीआई ने यूपीआई को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए कई उपाय किए हैं।

विमान हादसे की अंतिम रिपोर्ट आने का इंतजार

नई दिल्ली। अहमदाबाद में एयर इंडिया की उड़ान एआई-171 के दुखद हादसे के एक वर्ष से अधिक समय बाद केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने सोमवार को राज्यसभा को बताया कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने 12 जुलाई 2025 को शुरुआती जांच रिपोर्ट जारी कर दी थी। लेकिन अंतिम जांच रिपोर्ट अभी आनी बाकी है क्योंकि जांच जारी है।

जजों की संख्या बढ़ाने वाला बिल लोकसभा में पेश

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोमवार को लोकसभा में सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया। इस विधेयक के पास होने के बाद सर्वोच्च अदालत में जजों की संख्या बढ़ जाएगी। प्रस्तावित कानून केंद्र द्वारा जारी उस अध्यादेश की जगह लेगा जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट में जजों की स्वीकृत संख्या 33 से बढ़ाकर 37 की गई थी।

मंत्री मेघवाल ने विपक्ष द्वारा नीट पेपर लीक और राम मंदिर दान में कथित गड़बड़ी को लेकर हंगामे के बीच यह विधेयक पेश किया। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत में लंबित मामलों का बोझ कम करने के लिए न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाना सबसे जरूरी और व्यावहारिक उपाय है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मई 2026 में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके बाद संसद का सत्र नहीं होने के कारण अध्यादेश लाया गया।

नीट, चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर लोकसभा में भड़का विपक्ष

- कार्यवाही शुरू होते ही भड़क गया विपक्ष
- छह बार स्थगन के बाद कार्यवाही स्थगित

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। नीट पेपर लीक, राम मंदिर में चढ़ावा चोरी सहित अन्य मुद्दों को लेकर लोकसभा में सोमवार को जबरदस्त हंगामा हुआ। नारेबाजी और शोर-शराबे के बीच सदन की कार्यवाही छह बार स्थगन के बाद मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के सांसद विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए आसन के करीब आ गए और नारेबाजी करने लगे। लोकसभा अध्यक्ष ने सांसदों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए प्रश्नकाल शुरू कराया, लेकिन हंगामा बढ़ता गया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग के बीच सदन की कार्यवाही दोपहर बारह बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। दोबारा कार्यवाही शुरू होने पर कई सांसदों ने दावा किया कि प्रदर्शन के चलते संसद के गेट बंद कर दिए गए हैं। कई संसद सदस्यों को संसद परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया गया है। आसन ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के आदेश के अनुसार किसी भी सदस्य को प्रवेश से नहीं रोका गया है।

इस बीच, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया। पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने नारेबाजी कर रहे विपक्षी सांसदों से कार्यवाही चलने की अपील भी की। सदन में हंगामा नहीं थमने पर सदन की कार्यवाही दोपहर 12.30 बजे तक स्थगित कर दी गई। इसके बाद भी हंगामा जारी रहा। दो बार के स्थगन के बाद बैठक फिर शुरू हुई तो पीठासीन सभापति सैकिया ने आसन के समीप हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों से शून्यकाल चलने देने की अपील की।

छात्रों के दमन की कोशिश : खरगे

राज्यसभा

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। नीट पेपरलीक को लेकर जंतर-मंतर पर छात्रों के आंदोलन का मुद्दा सोमवार को राज्यसभा में उठा। नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कार्यवाही शुरू होते ही इस मुद्दे पर अपनी बात रखी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों का दमन करने की कोशिश कर रही है।

खरगे ने कहा कि नीट मामला लाखों बच्चों के भविष्य से जुड़ा है। जंतर-मंतर पर पहुंचे बच्चों पर लाठीचार्ज किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार उन्हें दबाने और कुचलने का प्रयास कर रही है। खरगे अभी इस मुद्दे पर बोल ही रहे थे कि हंगामा शुरू हो गया। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित कर दी। इसके बाद सदन दोबारा शुरू हुआ, लेकिन विरोध के चलते 12:50 बजे तक के लिए स्थगन हुआ। इसके बाद भी सदन नहीं चला और दो बजे तक स्थगन की घोषणा हुई और फिर बार-बार व्यवधान को देखते हुए सदन पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया।

विपक्ष के तेवर तल्ख : विपक्ष के तेवर नीट और राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मसले पर तल्ख हैं। माना जा रहा है कि छात्रों के रुख को देखकर विपक्ष इस मुद्दे को सदन में जोर-शोर से उठाएगा। विपक्ष का मूड देखते हुए सदन में अगले दो-तीन दिन व्यवधान देखने को मिल सकता है।

राष्ट्रीय सम्मान से जुड़ा बिल पेश नहीं हो सका : राज्यसभा में पहले दिन ही राष्ट्रीय सम्मान के मुद्दे से जुड़ा विधेयक गृहमंत्री अमित शाह द्वारा पेश किया जाना था, लेकिन सदन की कार्यवाही न चल पाने के कारण इसे पेश नहीं किया जा सका।

चढ़ावा चोरी के बयान पर सदन में शोर-शराबा

इससे पहले जब खरगे अपनी बात रख रहे थे, किसी ने पीछे से अयोध्या में राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का जिक्र किया। इस पर खरगे ने ट्रेजरी बेंच की ओर इशारा करते हुए कहा कि चढ़ावा चोरी तो है ही, उसके समर्थक इधर बैठे हैं। इस पर काफी शोर-शराबा हुआ।

प्रधानमंत्री का संदेश पुराना पुलिंदा : कांग्रेस



कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को घिसी-पिटी बातों का पुलिंदा करार दिया। पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को प्रभावित करने वाले अहम मुद्दों को नजरअंदाज किया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर इस बाबत पोस्ट की है।

पूर्ण राज्य की मांग को लेकर नेशनल कांफ्रेंस का प्रदर्शन

नई दिल्ली, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर नेशनल कांफ्रेंस की ओर से जंतर-मंतर पर आयोजित प्रदर्शन में शामिल होने से रोके जाने के बाद मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को पृथ्वीराज मार्ग तक जाने के लिए ऑटो रिक्शा करना पड़ा।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को नई दिल्ली में धरना दिया। • प्रेट्र

जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा तत्काल बहाल करने की मांग को लेकर संसद के मानसून सत्र के पहले दिन प्रदर्शन के लिए नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के नेता और कार्यकर्ता सोमवार को दिल्ली में जमा हुए। इस प्रदर्शन का नेतृत्व पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला ने किया। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि इस विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य केंद्र सरकार को उन स्पष्ट वादों के लिए जवाबदेह ठहराना था, जो उसने संसद के दोनों सदनों और उच्चतम न्यायालय के सामने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के बारे में किए थे।

विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ी

नई दिल्ली। केंद्र ने सोमवार को लोकसभा में बताया कि भारत में आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या वर्ष 2014 के 1.31 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2024 में 2.06 करोड़ हो गई है। इस दौरान विदेशी पर्यटकों की संख्या में 56.93 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोकसभा में यह जानकारी दी। बताया कि संयुक्त राष्ट्र के विश्व पर्यटन बैरोमीटर की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की कुल संख्या में भारत की हिस्सेदारी भी वर्ष 2014 के 1.15 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2024 में 1.41 प्रतिशत हो गई है।